सचिन तेंदुलकर की उपलब्धियाँ

Sachin Tendulkar Ki Uplabhdiya

दुनिया के बेहतरीन शब्दकोश में सचिन तंेदुलकर की उपलब्धियों की व्याखया करने वाले सही शब्द नहीं मिल पाएँगें। एक लंबे समय से क्रिकेट की दुनिया में सचिन जैसा बल्लेबाज देखने को नहीं मिला। उनके जैसे विनम्र लेकिन देश के लिए दृढ़ आत्मविश्वास के साथ खेलने वाले क्रिकेट खिलाड़ी कम ही देखने को मिलते हैं। उन्होंने अपने स्कूल शारदाश्रम से अपने खिलाड़ी जीवन की शुरूआत की। उनका सपना था: अधिक से अधिक रन हासिल करना। वे सिर्फ रिकार्ड बनाने के लिए खेलने में विश्वास नहीं करते।

सचिन ने अपने कोच रमाकांत अचरेकर की देखरेख में अपना क्रिकेट सफर शुरू किया। अपने स्कूल की ओर से खेलते हुए उन्होंने अपने साथी विनोद कांबली के साथ 664 रनों की भागीदारी की। 1988-99 में उन्होंने अपने पहले प्रथम श्रेणी मैच में 100 रनों की नाबाद पारी खेली। सचिन की क्रिकेट पारी अभी जारी है। उनका भारतीय क्रिकेट में होना ही विपक्षी टीम पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव डाल देता है। वे कप्तान को बहुमूल्य परामर्श देते रहते हैं। सचिन ने एकदिवसीय क्रिकेट में अपना प्रथम शतक 9 सिंतबर, 1994 को आस्टेªलिया के खिलाफ बनाया। 1997, 1999, 2001 और 2002 के वर्षोंें में 1000 टेस्ट रन बनाए।

सचिन की टेस्ट उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं:

विश्वप्रसिद्व किताब विसडन ने उन्हें सर डाॅन बै्रडमैन के बाद विश्व का नं0 2 महान बल्लेबाज का खिताब दिया है।

सुनील गावस्कर के 34 शतकोंें का रिकार्ड तोड़कर 37 टेस्ट शतक बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने।

सबसे ज्यादा 52 क्रिकेट मैदानों पर क्रिकेट खेलने का विश्व कीर्तिमान बनाया।

सबसे कम मैचों में 10,000 टेस्ट रन बनाने का विश्व रिकार्ड बनाया। उन्होंने यह रिकार्ड 195 टेस्ट पारियों में बनाया।

एक दिवसीय उपलब्धियाँ

– सचिन ने सबसे अधिक 381 एक दिवसीय मैच खेले हैं।

– सचिन को सबसे ज्यादा (52 बार) 'मैच आफॅ द मैच' से पुरस्कृत किया गया है।

– सचिन ने सबसे अधिक 14,783 एक दिवसीय रन बनाए हैं।

– सचिन ने सबसे अधिक 41 शतक बनाए हैं।

– सचिन ने एक दिवसीय किक्रेट में 147 किक्रेट भी लिए हैं।